# <u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

## <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

**विषयः <u>नई दिल्ली में क्रॉस बॉर्डर एयर ट्रैफिक फ्लो मैनेजमेंट (ए टी एफ एम) कार्यशाला का आयोजन।</u>**

**<u>नई दिल्ली, 3 सितंबर, 2015:</u>** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण 3 सितम्बर 2015 से 4 सितम्बर 2015 तक रैडिसन ब्लू प्लाजा, नई दिल्ली में प्रथम एशिया पेसेफिक क्रॉस बॉर्डर एयर ट्रैफिक फ्लो मैनेजमेंट (ए टी एफ एम) कार्यशाला की मेजबानी कर रहा है।

यह कार्यशाला अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (इकाओ) एवं अंतरराष्ट्रीय विमान परिवहन संघ (आई ए टी ए) द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित की जा रही है।

इस कार्यशाला का उद्देश्य यथासंभव अधिक से अधिक विमानन कार्मिकों को क्रॉस बॉर्डर एयर ट्रैफिक फ्लो मैनेजमेंट (ए टी एफ एम) के महत्व के बारे में अवगत कराना है। इसके लिए कुछ विद्यमान क्रॉस बार्डर ए टी एफ एम/सी डी एम कार्यान्वयनों तथा क्रॉस बॉर्डर ए टी एफ एम के लाभों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

कार्यशाला में भारत के बाहर के विभिन्न हवाई अड्डों, एयरलाइनों भारतीय रक्षा सेवाओं के प्रतिष्ठानों तथा भाविप्रा के 70 से भी अधिक विमानन पेशेवर भाग ले रहे हैं जिसमें चीन, जापान, थाईलैंड, सिंगापुर, नेपाल, मालदीव , सिशेल्स एवं यूरोप जैसे दस देशों के 30 प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

इस दो दिवसीय कार्यशाला में कक्षा आधारित व्याख्यानमाला का आयोजन होगा, क्रॉस बॉर्डर ए टी एफ एम के सिद्धांत जैसे संगत विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी तथा एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए वितरित मल्टी नोडल एटी एफ एम अवधारणा की जानकारी प्रदान की जाएगी। इससे प्रतिभागियों के अनुभव में वृद्धि होगी। यह बिलकुल उपयुक्त है कि भारत, जो कि मिड इस्ट क्षेत्र, अफ्रीका इकाओ क्षेत्र तथा ए पी ए सी क्षेत्र के बीच क्रॉस बॉर्डर पर है, को ऐसी पहली कार्यशाला की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त होना चाहिए।

इस तथ्य पर भी ध्यान देना प्रासंगिक है कि भारत एक राष्ट्रव्यापी ए टी एफ एम प्रणाली का कार्यान्वयन कर रहा है और आशा है कि इस वर्ष के अंत तक इसके प्रचालन संबंधी प्ररिक्षण प्रारम्भ हो जाएंगे।

श्री वी. सोमसुंदरम, सदस्य (ए एन एस) ने उद्घाटन भाषण में ए एन एस संबंधी पहलों पर प्रकाश डाला जो भारत द्वारा क्षमता, दक्षता एवं पर्यावरण संबंधी मुद्दों के संबंध में किए गए हैं। उन्होंने ए एन एस प्रणाली की सम्पूर्ण दक्षता में सुधार लाने के लिए ए टी एफ एम के महत्व पर जोर दिया। आई ए टी ए के श्री दवे रोलो तथा इकाओ के श्री तकाता ने भी उद्घाटन सत्र के दौरान कार्यशाला में अपना संबोधन दिया।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787, 9810025069,

सं. 37/2015-16

श्री वी. सोमसुंदरम, सदस्य(ए.एन.एस.), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण एवं श्री ए. के. दत्ता, कार्यपालक निदेशकय(ए.टी.एम.), भाविप्रा एवं अन्य नामित लोग नई दिल्ली के रेडिसन ब्ल्यू प्लाजा में आयोजित प्रथम एशिया प्रशांत कास बार्डर एयर ट्रैफिक फ्लो प्रबंधन(ए.टी.एफ.एम.) कार्यशाला के सत्र में विचार–विमर्श करते हुए।